मुख्य समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वी बी जीराम जी विधेयक 2025 को मंजूरी दीं
- प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 6 लाख 74 हजार से अधिक लंबित मामलों का निस्तारण किया गया–11 अरब रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित हुएं
- कोटा के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में मध्य प्रदेश के पेंच से एक बाघिन का सफलतापूर्वक हवाई स्थानांतरण किया गयां
- अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की औपचारिक शुरूआत हुई–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आज चादर पेश की जायेगीं

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक वीबी जीराम जी 2025 को मंजूरी दे दी हैं इस मंजूरी के साथ ही ये विधेयक अब कानून का रूप ले चुका हैं ये विधेयक मनेरगा के स्थान पर लाया गया हैं केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इसके तहत अब 100 दिन की जगह 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलेगीं उन्होंने कहा कि काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया हैं ये कानून गरीब और विकास के हक में हैं श्री चौहान ने कहा कि इस अधिनियम के बारे में फैलाये जा रहे भ्रम बेबुनियाद हैं

.....

00000

राष्ट्रपति ने संसद में पारित सतत परमाणु ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक,2025 – शांति विधेयक को **भी मंजूरी दे दी हैं** इस विधेयक में नागरिक परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को समाहित किया गया हैं साथ ही इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी प्रावधान किया गया हैं

000000

सरकार ने अरावली पर्वत श्रृंखला पर प्रसारित हो रहे भ्रामक दावों के बीच आश्वासन दिया है कि इसपर कोई तत्काल खतरा नहीं हैं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अरावली, राष्ट्र के लिए प्राकृतिक विरासत और पारिस्थितिक ढाल के रूप में काम करती हैं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लेख करते हुए मंत्रालय ने कहा कि अरावली पहाड़ियों को स्थानीय भू–भाग से 100 मीटर या उससे अधिक ऊँचाई वाली किसी भी भू–आकृति को संरक्षित किया गया हैं मंत्रालय ने कहा कि 500 मीटर की दूरी के भीतर की पहाड़ियों को अरावली पर्वतमाला में समूहीकृत किया गया हैं इसलिए बीच की घाटियाँ, ढलानें और छोटी पहाड़ियाँ भी संरक्षित हैं

00000

प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 6 लाख 74 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण किया गयां इस दौरान करीब 11 अरब रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किए गएं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित ये इस साल की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत थीं कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि लोक अदालत नागरिकों के लिए न्याय प्राप्त करने का सुगम और सुलभ साधन है, जहाँ पक्षकार स्वयं समाधान तय करते हैं

0000

प्रदेश में महिला अत्याचार के मामलों में बीते वर्ष के मुकाबले लगभग 12 प्रतिशत की कमी आई हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में यह जानकारी दीं उन्होंने कहा कि एंटी रोमियो स्क्वॉड और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के गठन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई हैं मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में अब तक 12 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं, जो अब मिलेनियर बनने की ओर अग्रसर हैं समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा

कि लाडो प्रोत्साहन और मातृ वंदन जैसी योजनाओं से महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा हैं कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल भी मौजूद रहें

0000

कोटा के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में मध्य प्रदेश के पेंच **टाइगर रिजर्व** से एक बाघिन का **सफलतापूर्वक** हवाई स्थानांतरण किया गयां भारतीय वायुसेना के एमआई–17 हेलीकॉप्टर के जरिए किया गया यह देश का पहला अंतर–राज्यीय हवाई स्थानांतरण अभियान हैं

....

0000

देशभर में आज प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जा रहा हैं इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में गणित के महत्व और वैज्ञानिक प्रगति में इसकी भूमिका पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंभारत सरकार ने वर्ष 2011 में रामानुजन के असाधारण योगदान को सम्मान देते हुए 22 दिसंबर को **गणित** दिवस के रूप में घोषित किया थां श्रीनिवास रामानुजन के शोध और सिद्धांत एक शताब्दी बाद भी आधुनिक गणित को प्रभावित कर रहे हैं इस दिवस का उद्देश्य गणितीय शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देना हैं

00000

अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की आज से औपचारिक शुरूआत हो गई हैं उर्स में भाग लेने के लिए  देशके विभिन्न हिस्सों से जायरीन के पंहुचने का सिलसिला जारी हैं उर्स के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर पेश की जायेगीं

.....

0000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में कल कई स्थानों पर बादल छाये रहें राजधानी जयपुर में भी आंशिक रूप से  बादल छाने से तापमान में बढोतरी दर्ज की गई हालांकि प्रदेश के सात शहरों का पारा 10 डिग्री से नीचे रहां आज राज्य के विभिन्न इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहां जयपुर में भी अलसुबह कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडां मौसम विभाग के अनुसार आज पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागो में बादल छाने और न्यूनतम तापमान में बढोतरी की संभावना हैं 24 दिसम्बर से उत्तरी हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती हैं कल और परसो राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं–कहीं घना कोहरा दर्ज होने की आशंका हैं

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें

0000